तारिख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज गुण्डा एक्ट मु.सं. 10/2022	नम्बर व तारिख अहकाम जो इस हुक्म कीतामिल में जारी हुए
02.02.2023	पत्रावली पेश हुई। सहायक अभियोजन अधिकारी उपस्थित। गैरसायल राहुल कुमार पुत्र गोपाालराम जी, जाति– वाल्मिकी, निवासी– लुणीयापुरा दरगाह के पास, आबूरोड़, पुलिस थाना आबूरोड़ शहर, जिला– सिरोह उपस्थित। गैरसायल की ओर से अधिवक्ता श्री चन्द्रपालसिंह कुम्पावत उपस्थित हुये। गैरसायल ने लोक अदालत की भावना से प्रेरित होकर आरोप स्वीकारोक्ति का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर प्रकरण का आज ही निस्तारण करने का अनुरोध किया। जिस पर सहायक अभियोजन अधिकारी व गैरसायल के वकील की बहस सुनी गई। सहायक अभियोजन अधिकारी ने इस्तगासे में अंकित तथ्यों ध्यान आकर्षित करते हुए गैरसालय को सिरोही जिले से छः माह की अवधि के लिये निष्कासित करने का अनुरोध किया। जबकि गैरसायल के अधिवक्ता ने बहस के दौरान यह व्यक्त किया कि गैरसायल ने गैरसायल के विरुद्ध दर्ज धारा 13 आर.पी.जी.ओ. के मुकदमों में ट्रायल से बचने के लिये लोक अदालत की भावना से जुर्म स्वीकार करने के कारण गैरसायल को संबंधित न्यायालय ने दोष सिद्ध ठहराया है। गैरसायल के विरुद्ध उक्त दो मुकदमों के अलावा एवं दिनांक 22.4.2022 के बाद कोई मुकदमा दर्ज नही हुआ है। गैरसायल ने कभी शांतिभंग नही की है। गैरसायल गरीब व्यक्ति है जो मजदूरी कर अपना गुजारा कर रहा है। गैरसायल वर्तमान में किसी भी आपराधिक गतिविधियों में लिप्त नही है, इसलिये गैरसायल के विरुद्ध प्रस्तुत कार्यवाही को ड्रॉप किया जावे। हमनें सुनी गई बहस पर मनन किया एवं पत्रावली का गंभीरतापूर्वक अध्ययन एवं अवलोकन किया। पुलिस अधीक्षक, सिरोही की रिपोर्ट के अनुसार गैरसायल राहुल कुमार पुत्र गोपाराम जी, जाति– वाल्मिकी, निवासी– लुणीयापुरा दरगाह के पास, आबूरोड़, पुलिस थाना आबूरोड़ के विरुद्ध पुलिस थाना आबूरोड़ शहर में धारा 13 राजस्थान पब्लिक गैम्बलिंग अध्यादेश के तहत अपराध संख्या 97 दिनांक 13.4.2022 व 104 दिनांक 22.4.2022 को दर्ज हुये। गैरसालय के विरुद्ध धारा 13 राजस्थान पब्लिक गैम्बलिंग अध्यादेश के तहत दर्ज इन मुकदमों में बाद अनुसंधान संबंधित न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किये गये, जिनमें संबंधित न्यायालय द्वारा गैरसायल को दोषसिद्ध ठहराया गया है। उक्त अपराध संख्या 97 दिनांक 13.4.2022 व 104 दिनांक 22.4.2022 की प्रथम सूचना रिपोर्ट एवं इन दोनों मुकदमों में प्रस्तुत आरोप पत्रों की प्रमाणित प्रति न्यायालय पत्रावली पर उपलब्ध है। पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजों के अवलोकन से यह भी स्पष्ट है कि अपराध संख्या 97 दिनांक 13.4.2022 व 104 दिनांक 22.4.2022 में संबंधित न्यायालय द्वारा पारित निर्णय दिनांक क्रमशः 27.4.2022 व 11.5.2022 के द्वारा गैरसायल को दोष सिद्ध ठहराया गया है। इससे स्पष्ट है कि कि गैरसायल राजस्थान गुण्डा नियत्रण अधि[illegible] की धारा 2(ख)(V) में वर्णित अपराध करने का दोषी [illegible] व गु[illegible] की श्रेणी में आता है। पुलिस अधीक्षक [illegible] पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजी साक्ष्यों से यह स्पष्ट है कि [illegible]सायल जुआ संबंधी अपराधों में लिप्त रहा है। ....लगातार	Rahul P.Singh Adv.

Signature Not Verified
Digitally signed by Kalu Ram Khod
Date: 2023.03.21 15:34:05 IST
Reason: SelfAttested

अति. जिला मजिस्ट्रेट
सिरोही–307001.

अति. जिला मजिस्ट्रेट सिरोही (राज.)

तारिख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज गुण्डा एक्ट मु.सं. 10 / 2022	नम्बर व तारिख अहका . जो इस हुक्म कीतामिल में जारी हुए
	अतः उपरोक्त सभी तथ्यों एवं परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक, सिरोही द्वारा प्रस्तुत इस्तगासे को स्वीकार करते हुऐ गैरसायल राहुल कुमार पुत्र गोपाराम जी, जाति– वाल्मिकी, निवासी– लुणीयापुरा दरगाह के पास, आबूरोड़ को राजस्थान गुण्ड़ा नियंत्रण अधिनियम, 1975 की धारा 3 के परिप्रेक्ष्य में 15 दिन की अवधि के लिये पुलिस थाना क्षेत्र, आबूरोड़ शहर से निष्कासित किया जाता है। इस निष्कासन अवधि में गैरसायल बिना पूर्व अनुमति के पुलिस थाना क्षेत्र, आबूरोड़ शहर की सीमा में प्रवेश नही करेगा, गैरसायल इस निष्कासन अवधि में एक सामान्य व अच्छे नागरिक की तरह जीवन यापन करेगा तथा किसी प्रकार के आपराधिक कृत्य नही करेगा। इसके अतिरिक्त, गैरसायल इस अवधि में किसी भी शैक्षणिक संस्था, धार्मिक स्थल, सार्वजनिक पार्क आदि के आस–पास अपनी उपस्थित नही देगा। गैरसायल उक्त निर्देश / निबन्धन एवं शर्तो का सम्यक पालन करने की दृष्टि से उक्त अधिनियम की धारा 7(1) के तहत राशि रुपये 10,000 / – (अक्षरे रुपये दस हजार मात्र) का स्वयं का बन्ध पत्र प्रस्तुत करेगा। आदेश सुनाया गया। माफिक आदेश गैरसायल ने स्वयं का बन्ध पत्र प्रस्तुत किया जो बाद तस्दीक शामिल मिसल किया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो तथा निर्णय की प्रति थानाधिकारी, पुलिस थाना, आबूरोड़ शहर को पालनार्थ प्रेषित की जावे। (के.आर.खौड) अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट **सिरोही**	

न्यायालय अति० जिला मजिस्ट्रेट सिरोही (राज०)

Signature Not Verified

Digitally signed by Kalu Ram Khod
Date: 2023.03.21 15:34:05 IST
Reason: SelfAttested